प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

28 फरवरी 2024

वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्य-निष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए, जो 2,842 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। इसमें वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही और 2023-24 की दूसरी के आंकड़े, तुलना करने के लिए शामिल (वेब-लिंक https://cimsdbie.rbi.org.in/#/dbie/reports/Statistics/Corporate%20Sector/Listed%20Non-Government%20Non-Financial%20Companies) किए गए हैं।

मुख्य बातें

बिक्री

- सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री में 2023-24 की तीसरी तिमाही में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) दर्ज की गई, जबकि पिछली तिमाही में 4.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी (2022-23 की तीसरी तिमाही में 12.7 प्रतिशत) (तालिका 1ए)।
- 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान 1,685 सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों की कुल बिक्री में वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई (पिछली तिमाही में 4.2 प्रतिशत); प्रमुख उद्योगों में, रासायनिक कंपनियों की बिक्री में 13.5 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसे छोड़कर विनिर्माण कंपनियों की बिक्री वृद्धि 6.4 प्रतिशत रही (तालिका 2ए और 5ए)।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में बिक्री वृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) में पिछली तिमाही के 5.9 प्रतिशत और एक वर्ष पहले के 19.4 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत रह गई (तालिका 2ए)।
- गैर-आईटी सेवा कंपनियां 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान 12.9 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की बिक्री वृद्धि के साथ उच्च संवृद्धि पथ पर रहीं, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 19.9 प्रतिशत की वृद्धि के अलावा है (तालिका 2ए)।

व्यय

- बिक्री वृद्धि में मंदी के अनुरूप, विनिर्माण कंपनियों के व्यय में अक्तूबर-दिसंबर 2023 में 4.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की न्यूनतर वृद्धि दर्ज की गई, जबकि 2022-23 की इसी तिमाही में 12.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी (तालिका 2ए)।
- विनिर्माण और गैर-आईटी सेवा कंपनियों की कर्मचारी लागत में नवीनतम तिमाही में दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की गई, जबकि आईटी कंपनियों के लिए यह घटकर 3.4 प्रतिशत (पिछली तिमाही में 7.7 प्रतिशत) रह गई।
- 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए कर्मचारी लागत से बिक्री अनुपात क्रमशः 5.7 प्रतिशत, 48.9 प्रतिशत और 10.1 प्रतिशत रहा (तालिका 2बी)।

कीमत निर्धारण क्षमता

- सभी प्रमुख क्षेत्रों में सूचीबद्ध गैर-वित्तीय कंपनियों के परिचालन लाभ मार्जिन में सुधार हुआ और 2023-24 की तीसरी तिमाही में 16.5 प्रतिशत (पिछली तिमाही में 16.0 प्रतिशत और 2022-23 की तीसरी तिमाही में 14.7 प्रतिशत (तालिका 1बी और 2बी) रहा।

ब्याज व्यय

- विनिर्माण कंपनियों का ब्याज कवरेज अनुपात (आईसीआर).[1] 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान मामूली गिरावट के साथ 7.4 हो गया, जो पिछली तिमाही में 7.5 था; गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर, एक समान स्तर से ऊपर रहा (तालिका 2बी)।

तालिकाओं की सूची

<table>
<tr><th colspan="2">तालिका सं.</th><th colspan="2">शीर्षक</th></tr>
<tr><td rowspan="2">1</td><td>ए</td><td rowspan="2">सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">2</td><td>ए</td><td rowspan="2">सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">3</td><td>ए</td><td rowspan="2">चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">4</td><td>ए</td><td rowspan="2">बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">5</td><td>ए</td><td rowspan="2">उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td colspan="4">व्याख्यात्मक टिप्पणियां</td></tr>
<tr><td colspan="4">शब्दावली</td></tr>
</table>

नोट:

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज, परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; तथापि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

अजीत प्रसाद
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/1957

[1] आईसीआर (अर्थात, ब्याज और कर से पहले की आय और ब्याज व्यय का अनुपात) किसी कंपनी की ऋण चुकाने की क्षमता का एक माप है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मान 1 है।